आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :372 पृष्ठ -4 दिनांक 15 जनवरी 2025 दिन बुधवार

# पश्चिमी और पूर्वी यूपी के दोनों हिस्सों में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया

# 15 जनवरी के बाद फिर बारिश की संभावना जताई गई है

उत्तर प्रदेश में ठंड और शीतलहर का कहर जारी है।फिलहाल मंगलवार बुधवार को भी मौसम यूही बना रहेगा लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से बुधवार गुरूवार से फिर बादल बारिश की स्थिति बनेगी। आज सोमवार को 65 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।इन दो दिनों में पूर्वी और पश्चिमी यूपी में दिन और रात के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।यूपी मौसम विभाग के मुताबिक, 13 व 14 जनवरी को प्रदेश में मौसम साफ और शुष्क रहेगा लेकिन प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी यूपी में घने से अति घना को. हरा छाए रहने का अनुमान है। 14 जनवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से 15–16 जनवरी को प्रदेश में बादल बारिश की संभावना है। 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक उछाल तो 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी के आसार हैं।सोमवार को देवरिया,गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, मेरठ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बामपत, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली,



पीलीभीत , महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोंडा जिले में घना से बहुत घना कोहरा ।कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मऊ, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़ और बलिया ,सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडक. रनगर और गाजियाबाद ,हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी औरैया, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं और उसके आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने का अलर्ट ।शीत लहर और ठंड के प्रकोप को देखते हुए यूपी के कई जिलों में स्कूलों में अवकाश बढ़ाया गया है। आगरा , लखनऊ, उन्नाव फर्रुखाबाद और लखीमपुर में 13–14 जनवरी को कक्षा 8वीं तक के छात्रों के लिए सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक और सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है, 15 जनवरी को स्कूल फिर खुलेंगे।शाहज. हांपुर में आज कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। मथुरा में 15 जनवरी तो गाजियाबाद में कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों को 18 जनवरी 2025 तक बंद रखने का आदेश जारी किया है।

## अधिकारियों को जरा सी लापरवाही पड़ेगी भारी, . यूपी में शिक्षा विभाग का निर्देश जारी

उत्तर प्रदेश के सभी परिषदीय और उच्च प्राथमिक स्कूलों में नए सत्र की किताबों के लिए अब बच्चों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा. सभी बच्चों को समय से किताबें वितरित कर दी जाएगी, जिसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो गईं हैं. विभाग की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो समय से स्कूलों में पुस्तकें पहुंच. ाने की व्यवस्था तैयार करें. सभी बीएसए को केवल किताबें बीआरसी यानी ब्लॉक संसाधन केंद्र तक ही पहुंचाने से काम नहीं चलेगा. बल्कि उन्हें ये भी सुनिश्चित करना है कि ये किताबें प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचे, इसकी व्यवस्था भी हो. किताबों को स्कूलों तक पहुंचने के लिए ढुलाई में जो खर्च आएगा उसका आंकलन कर बजट विभाग से मांगें. समय से स्कूलों में पहुंचेंगी किताबें स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से नए सत्र की पाठ्य पुस्तकों के समय से वितरण की व्यवस्था किए जाने के निर्देश सभी बीएसए को दे दिए गए हैं. वर्तमान शैक्षिक सत्र में कई जिलों से इस तरह की शिकायतें देखने को मिली थी कि किताबें स्कूल तक नहीं पहुंच पाईं थी, बीआरसी से किताबें शिक्षकों से ढुलाई करवाई गईं थी, प्रधानाध्यापक ने किसी तरह इसकी व्यवस्था की थी. लेकिन इस बार ऐसी शिकायते न आएं इसके लिए निर्देश दिए गए हैं. महानिदेशक ने निर्देश दिए है कि अगर किसी जिले या स्कूल में किताबें देर से पहुंचने या उनकी शिक्षकों से ढुलाई करना की शिकायत मिली तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी और बीएसए से जवाब तलब किया जाएगा. उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित किया जाएगा. अगर शिक्षक या किसी अन्य शख्स की ओर से इस तरह की शिकायत मिलती है तो उसकी जांच की जाएगी. यही नहीं सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा. बता दें कि कई बार स्कूलों में किताबें देरी से मिलने की शिकायतें सामने आती रही है. जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती. इसी तरह की शिकायतों को दूर करने के लिए इस बार सत्र शुरू होने से पहले ही तैयारी तेज हो गई है.

## यूपी में रेलवे स्टेशन के इलेक्ट्रिक स्विच बॉक्स में लगी आग, यात्रियों में मची अफरा–तफरी

फिरोजाबाद के टूंडला रेलवे जंक्शन स्टेशन पर सोमवार को अचानक अफरा–तफरी मच गई. मामला टूंडला रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच का है. प्लेटफार्म पर लगे इलेक्ट्रिक स्विच बॉक्स में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते धमाके के साथ आग लग गई. इस स्विच बॉक्स से 10 मिनट तक लगातार चिंगारियां छूटती रहीं और धमाके होते रहे. इलेक्ट्रिक स्विच बॉक्स में शॉर्ट सर्किट के साथ जैसे ही धमाका हुआ. प्लेटफार्म 5 और 6 नंबर पर खड़े यात्रियों में हड़कंप मच गया. गनीमत यह रही कि जिस जगह यह फाल्ट हुआ वहां कोई भी यात्री नहीं खड़ा था. जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया. प्लेटफार्म नंबर 5 और 6 पर शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी और धमाके को सुनकर रेलवे का स्टेशन स्टाफ और जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई. साथ ही साथ आग लगने की सूचना पर रेलवे के फोरमैन भी मौके पर पहुंचे और शटडाउन लेकर विद्युत सप्लाई काटी गई. इसके बाद रेलवे के फोरमेन मौके पर पहुंच गए. टूंडला रेलवे के फोरमैन हरपाल सिंह यादव ने लाइन से शटडाउन लेने के बाद इलेक्ट्रिक स्विच बॉक्स में हुए फॉल्ट का ठीक किया. इसके बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की गई. इस दौरान लगभग 45 मिनट तक टूंडला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर विद्युत आपूर्ति बाधित रही.घटना से स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में मचा हड़कंप टूंडला रेलवे जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक के मुताबिक शॉर्ट सर्किट के चलते प्लेटफार्म नंबर पांच पर स्विच बॉक्स से अचानक चिंगारियां उठने लगी थी, जिसे फोरमैन द्वारा ठीक कर स्थिति सामान्य कर दी गई है. किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है. इस घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों हड़कंप की स्थिति बन गई. जिसके बाद रेलवे की तरफ से पहुंचे फोरमैन हरपाल सिंह यादव ने मौके पर पहुंच कर फॉल्ट को ठीक किया. हालाकि इस मामले में अभी तक रेलवे अधिकारियों की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है.

## लखनऊ में 50 गाड़ियों के साथ बर्थडे के नाम पर हुड़दंग मचाने पर पुलिस सख्त2 आरोपी गिरफ्तार, FIR दर्ज

राजधानी लखनऊ में इंजीनियरिंग कॉलेज के चौराहे के पास 50 से ज्यादा गाड़ियों के साथ बर्थडे मनाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है. पुलिस ने बीच सड़क पर ग्न्ट कार पर बर्थडे पार्टी मनाने वालों पर कार्रवाई की है. इस मामले में अफसरों की फटकार के बाद मड़ियाव पुलिस ने केस दर्ज कर 2 लोगो को गिरफ्तार किया है जबकि 50 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं. जिसके बाद मड़ियाव थाने के सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने वायरल वीडियो के आधार पर थाने में शिकायत दर्ज की थी. पुलिस ने इस मामले में ठछै की धारा 223,126(2) और 280 के तहत केस दर्ज कर लिया है. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जो इस बर्थडे पार्टी में शामिल दिखाई दे रहे हैं. आरोपियों के नाम शमशेर अंसारी और सुमित सैनी हैं. पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है. बर्थडे पार्टी में 50 कारों के साथ हुड़दंग बताया जा रहा है कि सड़क पर अराकता फैला रहे राधवेंद्र सिंह उर्फ राघव का जन्मदिन था. इस जन्मदिन की पार्टी के दौरान जमकर सड़कों पर उत्पात मचाया गया था. इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है. पुलिस ने इस मामले में बर्थडे बॉय राघवेंद्र उर्फ राघव सिंह, शमशेर अंसारी, सुमित सैनी समेत 50 अज्ञात पर थ्प्त् दर्ज की गई है. बता दें कि 12द्13 जनवरी की रात को मड़ियाव थाने के पास अराजकता फैलाते हुए बर्थडे पार्टी का वीडियो वायरल हुआ था, इस वीडियो में करीब 50 काले रंग की गाड़ियों में रसूखदार युवक की बर्थडे पार्टी में हुड़दंग मचाया जा रहा है. जिसमें दर्जनों लोग गाड़ियों की छत पर डांस और आतिशबाजी कर रहे थे और तेज आवाज में गाने बजाए जा रहे थे. कुछ लोगों ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ बदसलूकी और गाली गलौज की गई.

## यूपी में 22 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में बनेगा नया प्राधिकरण,7 जिले होंगे शामिल

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अब वाराणसी और प्रयागराज को लेकर बड़ा फैसला किया गया है, जिसके तहत दोनों को मिलाकर एक नया धार्मिक क्षेत्र बनाया जाएगा. नीति आयोग के सुझाव पर प्रदेश सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. जिसमें इन दोनों शहरों को मिलाकर सात जिले शामिल किए जाएंगे. योजना के तहत वाराणसी और प्रयागराज को मिलाकर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा. इसका दायरा भी 22 हजार वर्ग किलोमीटर होगा. दरअसल नीति आयोग ने साल 2047 तक भारत को 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने लक्ष्य को हासिल करने के लिए यूपी को लेकर एक खाका तैयार किया है जिसके तहत आयोग ने प्रदेश में कई क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों को गठित करने की सलाह दी है. इसी क्रम में यूपी सरकार ने प्रयागराज और वाराणसी के क्षेत्र को धार्मिक क्षेत्र में परिवर्तित कर नया क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण बनाने का फैसला लिया है. इस योजना पर अमल लाने के लिए आवास विकास की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है. सीएम योगी ने इसके लिए एक ऐसी योजना बनाने को कहा है जिससे इस क्षेत्र के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके. योजना के तहत इस दोनों जिलों को मिलाकर जो धार्मिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा वो अत्याधुनिक तकनीक से लेस होगा. औद्योगिक और नॉलेज पार्क की व्यवस्था की जाएगी. जिसमें स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे. प्रस्ताव के तहत इस वाराणसी प्रयागराज क्षेत्र में इन दोनों जिलों के साथ चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर और भदोही जिले के क्षेत्र को भी शामिल किया जाएगा. इससे क्षेत्र में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा जिसका फायदा इन सातों जिलों को होगा. वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, कालभैरव और सारनाथ हैं, गाजीपुर में गंगा उत्तराहिनी और प्रयागराज में संगम स्थित है. मुख्य सचिव मनोज सिंह ने कहा कि जल्द ही प्रयागराज–वाराणसी क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.

## सबसे सुंदर साध्वी कहे जाने पर हर्षा ने बताया . कैसे ग्लैमर को छोड़ हुई साधना में लीन?

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ की शुरूआत हो गई है. इस बीच एक साध्वी की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिन्हें सबसे सुंदर साध्वी कहा जा रहा है. उन्हें लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं. लोगों ने उन्हें साध्वी हर्षा का नाम दिया है. जिस पर अब उनकी प्रतिक्रिया सामने आई है. साध्वी हर्षा ने कहा कि वो अभी साध्वी बनीं नहीं हैं और ना ही उन्होंने दीक्षा ली है. बस लोगों ने उनकी वेशभूषा को देखकर ये नाम दे दिया. साध्वी हर्षा ने भारत समाचार से बात की अपने अपनी जिंदगी से जुड़ी तमाम बातें शेयर कीं. उन्होंने कहा कि ष्मुझे सोशल मीडिया साध्वी हर्षो का टैंग दे दिया है, ये आप लोगों ने किया है लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि मैं साध्वी बनने की तरफ बढ़ रही हूं बनी नहीं हू. मैं अपने गुरु कैलानंद गिरी महाराज जी से दीक्षा ली है. मैं उनकी शिष्या हूं. लेकिन मैंने साध्वी के लिए कोई दीक्षा नहीं ली है, क्या नागा साधू बनने के लिए दीक्षा लेनी पड़ती है कुछ नियम होते हैं कुछ संस्कार होते हैं वैसे मेरा कुछ भी नहीं हुआ है. हैं लोगों ने मेरी वेशभूषा को देखते हुए ये नामकरण कर दिया है. सबसे सुंदर साध्वी कहे जाने पर दिया जवाब साध्वी हर्षा को दुनिया की सबसे सुंदर साध्वी कहा जा रहा है, जिस पर उन्होंने कहा कि ये सुनकर तो मुझे अच्छा लग रहा है कि दुनिया सबसे खू. बसूरत साध्वी लेकिन साध्वी का जो टैग दिया जा रहा है वो अभी उचित नहीं होगा. क्योंकि मैं अभी पूरी तरह उसमें गई नहीं हूं. मेरे गुरू ने मुझे उसकी अनुमति नहीं दी है. जब तक उनकी आज्ञा नहीं होगी में उस तरफ बढ़ भी नहीं सकती हूं. ग्लैमर की जिन्दगी छोड़कर इधर कैसे आई तो कुछ बातें हमारी किस्मत में लिखी होती हैं. हमारे कुछ पुराने कर्मों का फल भी होता है जो हमें इस जन्म में मिलता है. कब हमारी जिन्दगी में क्या लिखा होता ये सब ऊपर से निर्धारित होता है. मैं बहुत अच्छी जिन्दगी से संबंध रखती हूं जहां मैने देश–विदेश में शो किए हैं. परफॉर्म किया है. मैंने एक्टिंग की और एंकरिंग की है. लेकिन पिछले एक–डेढ साल से उस काम को ब्रेक दिया हूं. मैं अपने गुरुदेव की शरण में रह रही हूं. साधना कर रही हूं. मैं बहुत कुछ सीख रही हूं. मैं इस जिंदगी को ज्यादा इंजॉय कर रही हूं. पुरानी जिंदगी को लेकर कही ये बात इस जीवन ने प्रवेश की वजह पर उन्होंने कहा कि जब हम किसी प्रोफेशन में होते हैं तो हम बहुत शो ऑफ वाली जिंदगी जी रहे होते हैं दूसरों को दिखाने के लिए कि किसे क्या अच्छा लगेगा, लेकिन इस जिंदगी में में हम कुछ नहीं दिखा रहे हैं हम सिर्फ परम परमेश्वर से जुड़े हैं. जो भी कर रहे हैं वो सिर्फ उनके लिए कर रहे हैं. हृदय परिवर्तन अपने आप होता है. मैंने गुरुदेव से संन्यास जीवन में आने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने साफ कहा कि पहले तुम गृहस्थ जीवन को पूरा करो और जब हम कहें तभी इस जीवन में आना है.

## मकर संक्रांति पर सीएम योगी बोले- जगतपिता सूर्य . देव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव

मकर संक्रांति पर प्रयागराज में महाकुंभ का पहला शाही स्नान शुरू हो चुका है. इस बार इसे अमृत स्नान का नाम दिया गया है. वहीं मकर संक्रांति पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से प्रदेश वासियों, सभी पूज्य संतों, श्रद्धालुजनों व भक्तों को हार्दिक बधाई दी है. उन्होंने कहा है कि यह जगतपिता सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है.सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा,भक्तों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई देता हूं. मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की श्रृंखला का एक ऐसा जो जगत पिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है. पूरे देश के अंदर अलग–अलग रूपों में इस पर्व को सनातन धर्म के लोग इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं. पूरे देश के अंदर अलग–अलग रूपों में लोग मनाते हैं.श्मुख्यमंत्री ने कहा कि ये उत्सव भारत के सनातन धर्म की परंपरा में आनंद के छड़ों को जोड़ने के साथ ही समाज के लोगों को जोड़ने का एक माध्यम रहा है. उसी के अनुरूप भारत की ऋषि परंपरा ने इसको सुनियोजित किया है. आज उसका विराट रूप हम सबको देखने को मिलता है. पूर्व में असम आदि में आप जाएंगे तो बीहू के रूप में, पंजाब की ओर जाएंगे तो लोहड़ी के रूप में और दक्षिण में आप जाएंगे तो पोंगल के रूप में मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि बंगाल या महाराष्ट्र में यह तिलवा संक्रांति के रूप में, उत्तर भारत में आएंगे खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महा पर्व को श्रद्धालु जन आयोजित करते हैं. गोरखनाथ जी को आस्था की पावन खिचड़ी चढ़ाया जा रहा है. इस सदी का पहला महाकुंभ तीर्थ राज प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है. आज पहला अमृत स्नान प्रारंभ हो चुका है. महाकुंभ के प्रति देश और दुनिया में जो आकर्षण देने को मिल रहा है वो अद्भुत है.

# एटा जिले के जलेसर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया

एटा जिले के जलेसर में एकसनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। पंजाब से लौटे आस मुहम्मद का शव रविवार को उनके घर में चारपाई पर संदिग्ध हालत में मिला था।टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कियाजलेसर थाना पुलिस ने महज 24 घंटे में मामले का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी सनी शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक शराब का आदी था और अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था।पति की गै. रमौजूदगी में महिला के सनी शर्मा से संबंध बन गए। दोनों ने मिलकर आस मुहम्मद को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और रविवार को जब वह घर आया, उसे शराब पिलाकर गला घोंट दिया।मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। परिजनों ने शुरू से ही पत्नी पर शक जताया था। थाना प्रभारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक गीता रानी, कांस्टेबल पुष्पेंद्र और महिला कांस्टेबल मोनू कुमारी की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## एटा पुलिस ने हत्याकांड का पर्दाफाश किया। जिसमें एक व्यक्ति की हत्या उसके सगे भाई और बहनोई ने सुपारी देकर हत्यारों से करवाई

एटा पुलिस ने हत्याकांड का पर्दाफाश किया। जिसमें एक व्यक्ति की हत्या उसके सगे भाई और बहनोई ने सुपारी देकर हत्यारों से करवाई। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।पुलिस जांच में सामने आया कि युवक को शराब पीने की आदत से परेशान होकर उसके सगे भाई और बहनोई ने उसकी हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने एक लाख रुपए में सुपारी देकर पेशेवर हत्यारों को इस काम के लिए तैयार किया। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव कोकाली नदी के पुल से फेंक दिया गयाआरोपी जीजा व एक हत्यारा फरार15 दिन पहले दर्ज हुए इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला परिवार में आपसी कलह का एक गंभीर उदाहरण है। जहां आर्थिक और सामा. जिक तनाव ने एक परिवार को अपराध की राह पर धकेल दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को अलाकत्ल के साथ गिरफ्तार किया है। जैथरा थाना पुलिस ने सुपारी में दी गई 37500 रुपए की रकम और लोहे की रॉड एक मोटर साइकिल बरामद कर ली है। वहीं मौके का फायदा उठाकर आरोपी जीजा सहित एक हत्यारा फरार हो गया।जानकारी के अनुसार मुनेश पुत्र विश्व प्रताप निवासी ग्राम वहगों एक माह पूर्व अचानक घर गायब हो गया था। जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने जैथरा कोतवाली में दर्ज करवाई थी। सात दिनों बाद युवक का शव मैनपुरी स्थित अलूपुरा के पुल के नीचे पानी में तैरता मिला। जिसकी पहचान मुनेश पुत्र विश्व प्रताप के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जैथरा थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया था।हत्या का मामला दर्ज होने के बाद जैथरा थाना पुलिस और एसओजी टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक शराब पीने का शौकीन था। आए दिन घरवालों और रिश्तेदारों को बेवजह गाली गलौज मारपीट करता था। उसकी हरकतों से तंग आकर सगे भाई नीतेश और सगे जीजा राजेश ने हत्या कराने का षड्यंत्र रास्ते हुए भाड़े के हथियारों को एक लाख रुपए में सुपारी दे दी। हत्या का टेंडर मिलते ही हत्यारों ने युवक को ठि. काने लगा दिया। शव को काली नदी में फेंक दिया। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से खुलासा किया।

# कासगंज में मकर संक्रांति पर लोगों में उत्साह दिखा

कासगंज संवावदाता अमित कुमार : मकर संक्रांति पर लोगों में उत्साह दिखा। एक दिन पूर्व सोमवार को बाजारों में खरीदारी करने के लिए भीड़ उमड़ी रही है। गजक, मूंगफली, गरम वस्त्रों सहित अन्य सामान की खरीदारी की गई। इस दिन विशेष पर दान–पुण्य के उद्देश्य से भी लोगों ने खरीदारी की। इससे दुकानदार उत्साहित रहे।मकर संक्रांति पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। पर्व के दिन दान का विशेष महत्व माना गया है। घरों में पूजा के साथ सामान दान करने के अलावा समा. जसेवी सामूहिक रूप से दान कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसके के लिए सोमवार को बाजार में गजक, रेबडी, मूंगफली, खिचड़ी भोग के लिए चावल, दाल, सब्जियों आदि की खरीदारी की गई। इसी के साथ गरम वस्त्रों में कंबल, शॉल, मोजा, टोपा, दस्ताने, स्वेटर आदि की खरीदारी की जा रही है। दुकानों पर लगी रही भीड़



कैमरामैन इंद्रपाल

# आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू हों

कासगंज। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सोमवार को शहर के सोरो रोड स्थित बीएबी इंटर कॉलेज में हुई। बैठक में कर्मचारियों की समयस्याओं एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले यूपीएस गजट को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू करने की मांग की गई। कर्मचारियों ने एकजुट होकर संघर्ष करने का निर्णय लिया। जिला महामंत्री रमेश चंद्र ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू होनी चाहिए। जिस पर केंद्र सरकार बिल्कुल मौन एवं नक. ारात्मक रुख अख्तियार कर चुकी है। केंद्रीय वेतन आयोग कमेटी का गठन भी अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से अपनी विभिन्न मांगों को पूरा किए जाने की मांग की।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वर्ष 2024 को संघर्ष वर्ष घोषित किया गया उसी प्रकार 2025 को सतत संघर्ष वर्ष एवं 2026 को सर्वोच्च संघर्ष वर्ष घोषित किया है। यूपीएस पर केंद्रीय गजट होने के बाद अगली सतत संघर्ष की रणनीति इलाहाबाद प्रयागराज कुंभ में एक एवं दो मार्च को केंद्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व द्वारा तय होगी। संचालन रमेश चंद्र वर्मा मंत्री ने किया।

# नकली बीज बना किसानों की चिंता का सबब

एटा। बाजारों में बिक रहा नकली और गुणवत्ताहीन बीज किसानों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। हाल ही में सरसों के बीज के दो नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। जबकि बुवाई के समय ये बीज बाजारों में खपकर खेतों में बो दिया गया। किसानों की चिंता यही है कि इससे पैदावार कैसी मिलेगी?नकली बीज का खेल हर फसल की बुवाई के समय चलता है। रोकथाम और कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार छापामार कर जांच के लिए कुछ सैंपल भी ले लेते हैं, लेकिन जब तक इनकी जांच होकर आ पाती है, बीज बाजारों से खत्म हो गया होता है और इसकी बुवाई कर दी गई होती है। इसका खामियाजा किसानों को ही उठाना पड़ता है। कहीं पौधे निकलने में ही समस्या होती है तो कहीं पैदावार में काफी गिरावट आ जाती है। इस स्थिति में किसानों की मेहनत और रुपये के अलावा एक फसल का सीजन बर्बाद हो जाता है।6 नवंबर को कृषि विभाग ने सकीट में जनता बीज भंडार और मलावन में सुनहरी बीज भंडार से सरसों के बीज का एक–एक नमूना लिया था। जांच में ये फेल हो गए। इनकी रिपोर्ट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान सुशील कुमार, भूपेंद्र शर्मा, रोहित शाक्य ने बताया कि तमाम किसानों ने इस तरह के बीज से फसलें बोई हैं। यदि बीज की गुणवत्ता खराब है तो पैदावार पर असर पड़ेगा। जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने बताया कि नकली खाद–बीज की बिक्री रोकने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जाती है, जो नमूने फेल पाए गए हैं, संबंधित दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही इनसे संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।नकली कीटनाशक से किसानों की जेब पर डाका मिरहची। कस्बे से लेकर गांव तक तमाम दुकानों पर नकली कीटनाशक बेचे जा रहे हैं। नामी–गिरामी कंपनियों के नाम पर दुक. ानदार किसानों को नकली दवाएंथमाकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। कंपनियां भी अपने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए बिक्री अधिकार पत्र खुले हाथों से बांट रही हैं। हाल यह है कि दवा की दुकानों के बाहर रेट लिस्ट तक नहीं लगी है। क्षेत्र के किसान भूप सिंह, प्रमोद कुमार, मुन्नालाल आदि ने बताया कि कितनी भी महंगी दवा लेकर आएं लेकिन फसल को कीटों से सुरक्षा नहीं मिल पाती है।

# पूर्व सांसद राजवीर का फूलमालाओं से स्वागत

कासगंज। पूर्व सांसद राजवीर सिंह के अखिल भारतीय कल्याण लोधी महासभा का राष्ट्रीय संरक्षक बनने के बाद पहली बार जिला आगमन पर उनका जोशीला स्वागत किया गया। उनके समर्थकों ने उनका जगह–जगह स्वागत किया। किसी ने चांदी का मुकुट पहनाया तो किसी ने फूल मालाएं व शॉल ओढ़ाई।अखिल भारतीय कल्याण लोधी महासभा का संरक्षक बनने के बाद पूर्व सांसद राजवीर सिंह पहली बार जिले में आए। उनके आगमन पर ढोलना में भा. जपा नेता डॉ. बीडी राणा के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. राणा ने कहा कि पूर्व सांसद राजवीर सिंह हमेशा सभी का सहयोग करते हैं। उनके सरल स्वभाव के कारण लोगों का स्नेह उनके साथ रहता है। इस दौरान उन्होंने पूर्व सांसद को फूल मालाएं पहनाईं व चांदी का मुकुट पहनाया।

# परीक्षा पे चर्चा के पंजीकरण में कासगंज सातवें स्थान पर

कासगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सहभागी बनने के लिए जिले के छात्रों में उत्साह है। लक्ष्य से अधिक छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। इससे जिला प्रदेश में सातवें पायदान पर है। वहीं, मंडल में जिला प्रथम स्थान पर है। अभी पंजीकरण के लिएमंगलवार का दिन बचा है।परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए जिले को 64499 छात्रों केपंजीकरण का लक्ष्य दिया गया। 14 दिसंबर से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के माध्यम से सीधे संवाद करने का मौका मिलने व परीक्षा संबंधी तैयारियों के टिप्स मिलने से पंजीकरण कराने को इस बार काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अब तक 77540 पंजीकरण हो चुके हैं। इनमें यूपी बोर्ड से जुडे शिक्षकों, छात्रों अभिभावकों के 74284 पंजीकरण हुए हैं। लक्ष्य से अधिक संख्या में पंजीकरण होने से जिला इस समय प्रदेश में सातवें स्थान पर आ गया है। जबकि मंडल में पहले स्थान पर पहुंच गया। जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य ने बताया कि पंजीकरण के लिए अभी मंगलवार का दिन शेष है।ऐसे में संख्या और बढ़ने की संभावना है।




# ठंड ने बढ़ाया दिल का दर्द, ये लक्षण दिखें तो हो जाएं सतर्क

कासगंज संवावदाता अमित कुमार

कासगंज –ठंड बढ़ने से हृदय रोगियों की मुसीबत काफी बढ़ गई है। कासगंज के जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजी अनुभाग गठित न होने से मरीजों की दिक्कतों का निदान नहीं हो पा रहा। ईसीजी जांच में गंभीर स्थिति सामने आने पर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए रेफर करना पड़ता है। हृदय की समस्या होने पर मरीजों को समय से उपचार नहीं मिल पाता। इसके चलते उनकी जान तक चली जाती हैं।जांच की भी नहीं मिल पाती सुविधा ठंड बढ़ने के साथ ही जिला अस्पताल में हृदय संबंधी बीमारी से परेशान 25 से 30 मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। इन मरीजों का ईसीजी जांच तो अस्पताल में की जाती है लेकिन उससे ऊपर की जांच की अवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक हाथ खड़े कर लेते हैं, साथ ही मरीज को अन्य हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया जाता है।हृदय के लिए खतराजिला अस्पताल के अलावा अन्य निजी अस्पतालों में भी जांच के नाम पर केवल ईसीजी जांच की सुविधा हैं। अन्य बढ़ी जांच निजी क्षेत्र में भी नहीं हो पाती। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल स्तर हृदयरोग का प्रमुख कारण माना जाता है।गले या जबड़े में दर्द, चक्कर आना, बांह में दर्द, पेट में दर्द, जी मिचलाना, सीने में जलन, थकान, अचानक पसीना आना, सिर घूमना, सांस लेने में दिक्कत, सीने में जकड़न, पैरों या भुजाओं में सुन्नपन आदि।

# कासगंज 11 लाख रूपये के 51 फोन वापस मिले तो खिले लोगों के चेहरे

कासगंज, । सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने अपनी टीम के साथ जनपद में गुम हुए 51 मोबाइल फोन को बरामद किया। इन मोबाइल फोनों की कीमत लगभग 11 लाख रुपये बताई गई है। मोबाइल फोनों को वापस पाकर मोबाइल फोन धारकों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। यह फोन दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश व प्रदेश के अन्य जनपदों में चल रहे थे।ुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि जनपद के गुम हुए लोगों के 51 मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया है। गुम हुए इन मोबाइल फोनों की सर्विलांस टीम के द्वारा खोज की जा रही थी। इन मोबाइल फोनों को अलग–अलग स्थानों से टीम को बरामद करने में सफलता मिली है। जनपद में ही नहीं गुम हुए मोबाइल फोन दिल्ली, बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी चलते हुए पाए गए, जहां से इन्हें बरामद किया गया। इनकी कीमत लगभग 11 लाख रुपये हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन स्वामियों को बुलाकर उनके मोबाइलों को उन्हें वापस किया गया है। जिस पर सभी ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। फोन पाये व्यक्तियों ने कासगंज पुलिस के उक्त कार्य की सराहना की है। उन्होंने बताया कि आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। लोगों के गुम हुए मोबाइलों को तलाश कर उन्हें देने का प्रयास होता रहेगा।

## कासगंज, मंगलवार को सड़कों पर यमराज दिखाई दिए। हाथ में माइक लेकर कहा कि अगर यातायात नियम तोड़े

दरअसल, यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया। इस दौरान यातायात पुलिस ने यमराज के साथ यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों को हिदायत दी कि हर संभव नियमों का पालन करें, तभी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। साथ ही 154 वाहनों के चालान भी काटे गए।जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। सड़क जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस ने मंगलवार को लोगों को जागरूक करने के लिए एक नया तरीका अपनाया। लोगों में यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए यमराज के रूप में एक युवक को तैयार किया गया। पुलिसकर्मी यमराज को सड़कों पर लेकर पहुंचे।यमराज ने माइक को हाथ में लेकर कहा कि अगर यातायात नियम तोड़े, तो मैं साथ ले जाऊंगा। सड़कों से गुजर रहे बाइक चालकों को हेलमेट लगाकर बाइक चलाने की सलाह दी। वहीं, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने को कहा। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि शराब पीकर वाहन न चलाएं और निर्धारित गति सीमा के तहत ही वाहन चलाएं।बताया कि दुर्घटनाओं के तीन प्रमुख कारण हैं– नींद, नशा और तेज रफ्तार। उन्होंने कहा कि जिंदगी अनमोल है, इसे व्यर्थ में न गंवाएं। साथ ही ष्जान है तो जहान हैष का संदेश भी दिया।इस मौके पर यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 154 वाहनों के चालान काटे गए हैं। अभियान के दौरान योगेश कुमार, रोहित कुमार, अवधेश कुमार, कुलदीप कुमार, जगवीर सिंह, सतीश कुमार सहित अन्य यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।





खबरों एंव विज्ञापन हेतू संम्पर्क करें।–9870916612

# खैर बार में रार. 89 वकीलों ने दिया इस्तीफा

दि सिविल बार एसोसिएशन खैर की नई कमेटी के शपथ ग्रहण के साथ ही बार एसोसिएशन में रार बढ़ गई है। 89 वकीलों ने एल्डर्स कमेटी और दो चुनाव अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बार से इस्तीफा दे दिया। इनका आरोप है कि संयुक्त रूप से महामंत्री बने अजय चौहान को 10 दिन बाद पराजित घोषित कर संजय कुमार शर्मा को एक मत से महामंत्री पद पर विजयी घोषित कर दिया गया।इसके चलते इन्होंने सोमवार को हुए बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह का भी बहिष्कार किया है। वहीं बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज शर्मा का कहना है कि यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष को व्हाट्स एप पर पूरा घटनाक्रम भेज दिया गया है। जल्द ही दूसरी बार एसोसिएशन का गठन कर चुनाव कराया जाएगा।28 दिसंबर को दि सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ था। उसी दिन शाम में मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए थे। बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि महामंत्री पद पर अजय चौहान और संजय कुमार शर्मा को 68-68 मत मिले थे। उस समय टॉस कराने अथवा पर्ची निकालने के बारे में बात हुई, लेकिन दोनों ने इन्कार कर दिया था, इस पर चुनाव कमेटी ने दोनों को संयुक्त रूप से महामंत्री घोषित किया था।इसके बाद संजय कुमार शर्मा ने एल्डर्स कमेटी के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें कहा कि एक मतपत्र पर तीन मुहर लगी हैं, इसलिए उसे निरस्त किया जाए। जबकि मतपत्र पर एक ही मुहर लगी है। स्याही के कुछ छींटे जरूर मतपत्र पर हैं।इस पर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शिशुपाल शर्मा और दो चुनाव अधिकारियों ने एक मतपत्र निरस्त कर 10 दिन बाद शुक्रवार की देर शाम बार एसोसिएशन हाल के दीवार में संजय कुमार शर्मा को विजेता और अजय चौहान को पराजित होने की घोषणा चस्पा करा दी।शनिवार और रविवार को तहसील बंद थी। सोमवार को वकीलों को इसकी जानकारी हुई, तभी अध्यक्ष और महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर दिया। इससे नाराज होकर बार के शपथ ग्रहण समारोह का भी 89 वकीलों ने बहिष्कार किया है मुझे अभी तक सामूहिक इस्तीफे का कोई ऐसा पत्र नहीं मिला है। न किसी ने बात कर यह बताया है कि क्या गलत हुआ है। सामूहिक इस्तीफे का पत्र मिलता है तो उस पर विचार कर बार एसोसिएशन समुचित कार्रवाई करेगा। –शिशुपाल शर्मा, चेयरमैन, एल्डर्स कमेटी–खैर।

## आगरा से अलीगढ़ तक बनेगा ग्रीन एक्सप्रेस-वे, एक घंटे का होगा सफर

आगरा और अलीगढ़ के बीच बनने वाले एक्सप्रेस-वे के रूट का नक्शा तैयार हो गया है। ग्रीन एक्सप्रेस-वे करीब 65 किमी लंबा बनेगा। जिसके लिए मई में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। आगरा के खंदौली से अलीगढ़ तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। वर्ष 2027 तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। एक्सप्रेस-वे की लंबाई करीब 65 किमी है। निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) कर रहा है। कार्यदायी संस्था की टीम ने रूट का सर्वे कर लिया है। मई से निर्माण शुरू हो जाएगा। इससे आगरा से अलीगढ़ का सफर घंटेभर में पूरा हो जाएगा। अभी इसमें दो घंटे से अधिक का समय लग रहा है।एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय वर्मा ने बताया कि अलीगढ़–गाजियाबाद नेशनल हाईवे–91 से एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। इसको यमुना एक्सप्रेस-वे खंदौली टोल प्लाजा के पास जोड़ देंगे। खास बात यह है कि हरियाली बचाते हुए प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए टेंडर हो गया है। इसका बजट 1,620 करोड़ रुपये है। निर्माण दो चरणों में होगा और दो कंपनी को टेंडर दिया गया है। इन कंपनियों की टीम ने रूट का सर्वे करते हुए निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी है। मई में एक्सप्रेस-वे का निर्माण शुरू होगा। 24 महीने में इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। इससे जाम और खराब सड़कों से मुक्ति मिलेगी।

## अलीगढ़ में मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, रेल विभाग के अधिकारियों में मचा हड़कंप


अलीगढ़ में मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, रेल विभाग के अधिकारियों में मचा हड़कंप

अलीगढ़ जिले में बरेली से आ रही एक मालगाड़ी के 3 डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। यह हादसा हरदुआगंज रेलवे स्टेशन और यार्ड के बीच हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर रेलवे विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। रेल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और तत्काल राहत कार्य में जुट गए।अलीगढ़ के हरदुआगंज रेलवे स्टेशन और यार्ड के बीच में एक खाली मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए और हादसे की छानबीन शुरू कर दी। जिसके बाद उन्हें बताया गया कि शंटिंग स्टाफ मालगाड़ी को सीडी साइडिंग की ओर लेकर जा रहा था। इसी दौरान मालगाड़ी के ब्रेक कोच से 10, 13 और 14 नंबर का डिब्बा पटरी से उतर गया। वहीं मालगाड़ी को मौके पर ही रोकना पड़ा और राहत कार्य शुरू कर दिया गया।रेलवे विभाग के अनुसार एक खाली मालगाड़ी सोमवार सुबह 9रू30 बजे के आसपास बरेली की ओर से आ रही थी। यह हरदुआगंज स्टेशन के पास पहुंची थी, तभी इसके तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। पटरी से डिब्बे उतरने के कारण रेलवे ट्रैक बाधित हो गया और बरेली की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को रोकना पड़ा।हादसे की जानकारी मिलने पर रेल अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और मालगाड़ी को पहले मौके से रवाना किया और फिर डिब्बों को पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद डिब्बों को पटरी पर चढ़ाया जा सका और कर्मचारियों द्वारा रेलवे ट्रैक को मरम्मत करके इसे सुचारू कराया गया।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बकाए को . लेकर एक बार फिर से चर्चाओं में

अलीगढ़ मुस्लिम विवि पर 18 संपत्तियों पर 24 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया हो गया है इसे चुकाने के लिए विवि को पहले भी कहा गया लेकिन 2017 से अब तक ये बकाया जमा नहीं हुआ। अब फिर से राजस्व विभाग द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया है।रा. जस्व निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह का कहना है, कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी पर 18 संपत्तियों पर 24 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है, जिसके लिए हमने उन्हें पहले बिल दिए हैं। बिल देने के बाद उन्हें डिमांड नो. टिस जारी किया गया है। यह बकाया 2017 से लंबित है। इसे जमा कराने के लिए उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। उसके बाद हम फिर से उनसे राशि जमा करने का अनुरोध किया जाएगा।अलीगढ़ नगर निगम के संपत्ति कर विभाग की ओर से सरकारी कार्यालयों व प्रतिष्ठान को बकाया राशि जमा न होने पर डिमांड नोटिस जारी किए हैं। तीनों सरकारी प्रतिष्ठानों पर 57 लाख 45 हजार 247 रुपये संपत्ति कर बकाया है। इसमें सबसे अधिक नौरंग. 'लाल राजकीय इंटर कॉलेज पर 32 लाख चार हजार रुपये संपत्ति कर बकाया है। इनको 15 दिनों में बकाया राशि जमा कराने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद नगर निगम अगली कार्रवाई के लिए कदम उठाएगासभी को जारी किया गया डिमांड नोटिसप्रभारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरपी सिंह ने बताया कि डीआइओएस कार्यालय पर दो लाख 19 हजार 724 रुपये संपत्ति कर बकाया है। आबकारी विभाग कचहरी रोड पर 23 लाख 21 हजार 523 रुपये और नौरंगीलाल कालेज पर 32 लाख चार हजार रुपये बकाया है। इन सभी को डिमांड नोटिस जारी किया गया है। पूर्व में भी इनसे कर जमा करने को कहा गया था। मगर अभी तक राशि जमा नहीं कराई गई है।अगर 15 दिनों में राशि जमा नहीं कराई जाती है तो ताला. बंदी या नीलामी की कार्रवाई के लिए कदम उठाए जाएंगे। बताया कि शहर के कई अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों की भी सूची बनाई गई है। ये वे प्रतिष्ठान हैं जिन पर बड़ी राशि संपत्ति कर के रूप में बकाया है। सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में असहाय लोगों को हुआ कंबल वितरण

आज दिनांक 14ध्1ध्2025 दिन मंगलवार को मकर संक्रांति एवं हजरतअली योंमें पैदाइश के शुभ अवसर पर जाम अतुल उलू मूल इस्लामिया सोसाइटी मडराक (रजि.) द्वारा जरूरतमंद एवं असहाय महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरण समारोह का आयोजन डॉक्टर सलीम शाह के निज निवास पर किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय राज. कुमार अध्यक्ष नगर पंचायत मडराक द्वारा की गई साथ में मडराक के थाना अध्यक्ष महोदय एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा कंबल वितरण प्रा. रंभ किया तथा साथ में उपस्थित विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने भी कंबल वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया जिसमें जुबेर आलम, शकील अहमद, रियाज अहमद उर्फ राजू, राजा बाबू ,तस्लीम, मुस्तकीम,



सलमान, ईशाक, शाहिद, शमशाद, ठाकुर बिट्टू सिंह, गिर्राज किशोर पाठक एवं अन्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संच. लन नरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट द्वारा किया गया, सहयोग में मोहित प्रताप सिंह, रईस अहमद उपस्थित रहे।

## हाथरस के कोतवाली सदर क्षेत्र स्थित गांव कलवारी में शरारती तत्वों ने पथवारी मंदिर में माता की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया

हाथरस के कोतवाली सदर क्षेत्र स्थित गांव कलवारी में शरारती तत्वों ने पथवारी मंदिर में माता की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी अभिषेक खंडेलवाल, राहुल उपाध्याय, गौरव पाठक, मोहित वाष्णेय, रितिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। संगठनों के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह घटना माहौल को बिगाड़ने के इरादे से की गई है।पुलिस अधिकारियों ने समझाया कर किया शांतस्थिति की नजाकत को भांपते हुए क्षेत्राधिकारी नगर योगेंद्र कृष्ण नारायण और कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मामले में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। हिंदू संगठनों की मांग है कि क्षतिग्रस्त मूर्तियों को पुनः स्थापित किया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## इंडो नेपाल स्केटिंग चौंपियनशिप में प्रतिभाग करने जा रहे खिलाड़ियों . को पूर्व विधायक विवेक बंसल ने दी बधाई और की हौसलाफजाई

अलीगढ़।एसएमबी इंटर कॉलेज में 10 वीं इंडो नेपाल स्केटिंग चौंपियनशिप 2025 विराट नगर नेपाल में 16 जनवरी से 20 जनवरी 2025 तक अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के नेशनल खिलाड़ी कु.कल्याणी, हिमांशु धनगर,कुनाल प्रतिभाग करेंगे।वहीं अलीगढ़ स्केटिंग संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक विवेक बंसल और क्रीडा भारती के मंत्री डॉ.शंभू दयाल रावत ने तीनों खिलाड़ियों को माला पहनकर सम्मानित किया।इस दौरान अध्यक्ष विवेक बंसल ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि तीनों खिलाड़ी नेपाल से मेडल जीतकर लाएंगे और अलीगढ़ व भारत देश का नाम रोशन करेंगे।विवेक बंसल ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा अपने लक्ष्य पर ध्यान रखना चाहिए और उसके लिए अपने खेल के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए क्योंकि कड़ी मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है।संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल ने कहा ए तीनों खिलाड़ियों के



साथ सचिव प्रदीप रावत भी नेपाल जाएंगे।सचिव प्रदीप रावत ने कहा कि सभी खिलाड़ी इंडो नेपाल स्केटिंग चौंपियनशिप में दो रेस में प्रतिभाग करेंगे।बालिका वर्ग में अंडर 14 क्वार्ट्ज स्केट्स में कल्याणी,बालक वर्ग में अंडर 12 क्वार्ट्ज स्केट्स में कुनाल और बालक वर्ग में अंडर 14 इनलाइन स्केट्स में हिमांशु धनगर प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।तीनों ही खिलाड़ीयों ने शिमला में नेशनल चौंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल जीतकर अलीगढ़ का नाम रोशन किया था।अलीगढ़ के लिए बड़े ही गर्व की बात है की तीन खिलाड़ी इंडो नेपाल स्केटिंग चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।हार्दिक बधाई देने में वाले लोगों में अलीगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव मजहर उल कमर,स्केटिंग खो खो सचिव डॉ.नीलम पाराशर,नेशनल अंपायर रिंकू दिक्षित, सिंगर सौरव सारस्वत,नेशनल अवॉर्ड विनर राहुल भाटी,स्केटिंग कोच वंशिका चौहान आदि उपस्थित रहे।

## बाइक सवार दंपति को ट्रक ने रौंदा

अलीगढ़ नोएडा के बाइक सवार दंपति को ट्रक ने रौंद दिया। दंपति शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति ने जेएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया घटना गभाना थाना इलाके के महारावल पुल के समीप छभ–91 पर हुई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिवार में इस हादसे के बाद कोहराम मच गया है।

**पीड़ित ध्यान दें**
दि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण
ौर उत्पीड़न का शिकार हैं
दि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही
।
दि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई
न सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो
हा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे
वरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी
या मिलें।
से 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर
ष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र
जने वाले का पूरा नाम एवं पता देने
ावश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा
ायेगा।
**मो. 8218049162**
mail: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# पुलिस कप्तान ने देर रात्रि थाना हाथरस गेट पर विवेचकों का अर्दली रूम में अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा की

## लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के संबंध में सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

हाथरस। देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा थाना हाथरस गेट पर अर्दली रूम में विवेचक, अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित अभियोगों की विवेचना, आंशिक रूप से लम्बित विवेचनाएं, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों व लंबित प्रारंभिक जांचो आदि की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं विशेषकर महिला संबंधी अपराधों तथा एससीएसटी एक्ट से संबंधित अभियोगो के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वा. रंटियों की गिरफ्तारी करने, आ. ईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहेध्तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाना के माल का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित रूप से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए ।इसके अति. रिक्त गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के



विरुद्ध धारा 14(1) के प्रकरणों में सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा अपराधियों के विरूद्ध खोले गए एच0एस0, अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के तहत अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा गैंग रजिस्ट्रेशन हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित फरियादियों के आने पर उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उसका तत्काल निस्तारण किया जाए।साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी चौकी प्रभारीध्हल्का प्रभारियों को ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया कि सभी अपने अपने क्षेत्र में नियमित पैदल गस्त करे, लोगो से संवाद रखे । महिला संबंधी अपराधों में शीघ्रता से कार्यवाही सु. निश्चित की जाए, किसी प्रकार की लाप. रवाही न की जाए। आमजन की शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्. तारण किया जाए । इसके साथ ही शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन एवं प्रचलित अभियानों के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, प्रभारी निरीक्षक हाथरस गेट शिव कुमार शर्मा, निरीक्षक अपराध हाथरस गेट समीम अहमद सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव . शहर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया , झाकिया बनी आकर्षण का केंद्र

हाथरस। थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गांधी चौराहा स्थित गुरुद्वारे से आज दिन मंगलवार को श्री गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में पंजाबी समाज द्वारा शहर में धूमधाम से नगर विशाल कीर्तन निकाला गया। इस नगर कीर्तन को निकालने के लिए जिला हाथरस का प्रशासन पूरी तरीके से तैनात रहा . कई रंग–बिरंगे बैंड बाजे के साथ दिल्ली से गिद्दा बैंड आकर्षण का केंद्र बना रहा। गुरु गोविंद सिंह महाराज के 358वें प्रकाश उत्सव पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया शहर में सतनाम वाहेगुरु की गूंज सुनाई दे रही है। सिख समाज के लोग नगर कीर्तन की तैयारी में जुट गए हैं। शहर के अलीगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारा नानक देव दरबार से 26वां विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इसे लेकर पूरे शहर में लाउडस्पीकर लगा दिए गए हैं, जिसमें शबद कीर्तन गूंज रहा है। शहर के पंजाबी समाज के लोग इसमें शामिल हुए। कीर्तन में लुधियाना का बैंड, पटियाला की झांकी द्वारा करतब, दिल्ली के अखाड़ा हर गोविंद द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इसके अलावा आगरा व अलीगढ़ की मंडली द्वारा विशेष संकीर्तन किया गया।ज्ञानी हरपाल सिंह, मुख्य ग्रंथी ने बताया की इस साल के नगर कीर्तन को हमेशा की तरह भव्यता के साथ मनाए जाने की तैयारी की गई है। स्थानीय बैंड के साथ बाहरी बैंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# बिहार में UP के हाथरस के दूल्हे और दो दोस्तों को बनाया बंधक

बिहार के कैमूर में यूपी के हाथरस के रहने वाले दूल्हे और उसके साथ आए दो दोस्तों को बंधक बना लिया गया. जिसके बाद अपराधी पैसों की मांग करने लगे. बताया जा रहा है कि कुदरा की रहने वाली महिला ने एक युवती से शादी कराने को लेकर होटल से वीडियो कॉल किया था. वीडियो कॉल पर लड़की को दिखा कर यह कहा कि इसकी शादी करनी है. वहीं लड़की को देखने के बाद यूपी का लड़का शादी के लिए अपने दो दोस्तों के साथ 11 जनवरी को कैमूर पहुंच गया.हथरस के दूल्हे और दो दोस्तों को बनाया बंधकरू कैमूर आने के बाद दूल्हे और उसके दो दोस्तों को भग. वानपुर थाना के बभनी गांव के जंगल में बंधक बना लिया गया. तीनों अपराधी पैसे की मांग करने लगे. पुलिस को इसकी सूचना मिली जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई. वहीं रात का फायदा उठा कर अपराधी फरार हो गए लेकिन पुलिस ने दूल्हे और उसके दो दोस्तों को सकुशल बरामद कर लिया. पुलिस ने सभी अपराधियों को चिह्नित कर लिया है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.वीडियो कॉल पर लड़की से कराई बातरू वहीं कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि कुदरा थाना के रहने वाले एक शख्स ने यूपी के हाथरस के एक लड़के से शादी कराने की बात कही थी. जिसके बाद इस गैंग में शामिल एक महिला ने होटल से लड़की को वीडियो कॉल के माध्यम से दिखाया था. जिसके बाद लड़का अपने दो दोस्तों के साथ चार चक्का वाहन से कैमूर पहुंच गया. उसके बाद उन्हें बभनी गांव के जंगल में बंधक बना लिया गया. महिला और एक लड़की भी झांसा देने में शामिल है.ष्सभी को भगवानपुर थाना के बभनी गांव के जंगल में बंधक बनाया गया था और उनसे पैसे की मांग की जा रही थी. किसी तरह इस घटना की सूचना पुलिस को मिली. जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए यूपी के तीनों लोगो को बरामद किया गया. हालांकि रात का फायदा उठा कर सभी अपराधी भाग निकले. उन सभी अपराधियों को चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा.ष –हरि मोहन शुक्ला, एसपी

# वृद्ध को थप्पड़ मारने से भड़के ग्रामीण मिट्टी चोरी की जांच करने गई पुलिस टीम को दौड़ाया, जीप छोड़ भागे सिपाही

सिकंदराराऊ में कासगंज रोड के गांव नगला रमिया में 12 जनवरी रात 8रू00 बजे पुलिस कर्मियों को उस समय लेने के देने पड़ गए, जब वह मिट्टी चोरी के मामले में आरोपियों को पकड़ने गांव गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि अगसोली पुलिस चौकी कर्मियों ने गांव के एक वृद्ध को बेवजह थप्पड़ जड़ दिया था, जिससे लोग भड़क गए। इसके बाद कुछ लोगों ने पुलिस कर्मियों को दौड़ा लिया, कुछ पुलिस का।र्म्मयों को पीटा, जिससे वह घायल हो गए। उनकी वर्दी फाड़ दी।हालात ये हो गए कि पुलिस को मौके पर अपनी जीप छोड़ कर भागना पड़ा। पुलिस टीम के साथ जमकर धक. कामुक्की और दुर्व्यवहार हुआ। पुलिस ने दुर्व्यवहार की बात तो स्वीकार की है, लेकिन मारपीट की घटना से इन्कार किया है। इस मामले में पुलिस की ओर से दुर्व्यवहार की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीओ सिकंदराराऊ श्यामवीर सिंह ने बताया कि कासगंज रोड पर बन रहे हा. ईवे की मिट्टी को कुछ लोग चोरी कर ले गए थे। हाईवे बना रही फर्म के लोगों ने कुछ ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार की रात्रि अगसोली पुलिस चौकी कर्मी इस मामले की जांच करने गांव नगला रमिया गए तो वहां पर कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिसकर्मियों को घटनास्थल से अपनी जान बचाकर जीप छोड़कर भागना पड़ा। बाद में घटना की सूचना पर एडिशनल एसपी अशोक कुमार मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रकरण के संदर्भ में बताया कि जिन लोगों ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार धक्कामुक्की की है, उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस कर्मी ने एक वृद्ध ओमकार सिंह को थप्पड़ मार दिया था, जिससे उनके




सीने में दर्द हो गया। इसी से आक्रोशित होकर ग्रामीण पुलिस के खिलाफ हो गए। वृद्ध को बचाने के दौरान पुलिस के साथ धक्का–मुक्की हुई। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस मामले में दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एक मुकदमा कोतवाली सिकंदराराऊ के उप. निरीक्षक यतेंद्र सिंह तेवतिया ने छह नामजद और 8–10 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें जानकारी मिली कि अभियुक्त विकास द्वारा जेसीबी से नेशनल हाईवे से मिट्टी चोरी कर ले जाई जा रही है। चूंकि वह व्यस्त थे, इसलिए उन्होंने कांस्टेबल दिनेश बाबू व दीपक को मौके पर भेजा। विकास मौके से जेसीबी से मिट्टी उठा रहा था। दोनों कांस्टेबल ने उसे ऐसा करने से रोका तो वह जेसीबी को अपने घर की तरफ लेकर भागा। वह जेसीबी को लेकर अपने गांव पहुंच गया और शोर मचा दिया, जिससे उसके परिवार व मोहल्ले के सतेंद्र, धर्मवीर, संगीता देवी, राजू, देवेंद्र सहित आठ–10 अज्ञात लोगों ने लाठी–डंडे लेकर पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया, जिसमें कांस्टेबल दीपक को काफी चोटें आईं। दोनों पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़ दी गई। उसके बाद वह खुद मौके पर पहुंचे और बमुश्किल पुलिस कर्मियों को भीड़ के बीच से निक. ला।सरा मुकदमा सियाराम कुमार निवासी माडनपुर थाना सिविल जिला गया बिहार ने दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि वह मथुरा–बरेली मार्ग पर मिट्टी डलवाने के कार्य का सुपरविजन करते हैं। 12 जनवरी को सिंहपुर के सामने करीब सवा छह बजे विकास यादव निवासी नगला रमिया चोरी से जेसीबी से एनएच पर पड़ी मिट्टी को खोदकर रवि निवासी खेमगढ़ी के मकान में डलवा रहा था। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे और हाईवे पर मिट्टी उठवाने से मना किया तो उनके साथ विकास व रवींद्र ने गाली–गलौज कर मारपीट की और कहा कि इधर आया तो जान से मार देंगे।निर्माणाधीन एनएच पर मिट्टी डाली जा रही थी, जिसे गांव के कुछ लोग भरकर ले गए थे। मौके पर पुलिस कर्मी भेजे गए तो ग्रामीणों ने पुलिस फोर्स पर हमला किया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा द्वारा आह्वान क्रम में डल्ले वाल के आमरण अनशन के 50 वें दिवस मकर संक्रांति पर्व न मना एकदिवसीय उपवास रखा गया उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा।

आज मकर संक्रांति पर्व के दिन संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के किसानों से मोर्चा सह –संयोजक जितेंद्र शर्मा द्वारा किए गए आह्वान क्रम में मोर्चा व घटक संगठनों द्वारा उत्तर प्रदेश के अलीगढ़,बुलंदशहर,हाथरस संभल , एटा,कासगंज में एकदिवसीय उपवास रख मकर संक्रांति पर्व न मना बापू सरदार जगजीत सिंह डल्ले वाल जी के आमरण अनशन को समर्पित क्रम किया गया मोर्चा सह –संयोजक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आज खनौरी बार्डर पर बापू डल्ले वाल जी को आमरण अनशन पर बैठे हुए 50 दिन हों गये है जब वह देश के अन्नदाता किसानों के हक अधिकार में अपने प्राणों को दांव पर लगा संघर्षरत है तो भारत देश जो कृषि प्रधान देश है जहां गांव में एक ओर किसी परिवार में जरा सी पीड़ा हों तो गांव में चूल्हे नहीं जला करते तो ऐसे नाजुक समय में जहां बापू डल्ले वाल जी का शरीर अब शरीर को खानें लगा है तब कैसे देश का किसान मकर संक्रांति पर्व मना सकता है और जब आज उनके आमरण अनशन के 50 वा दिन है इसलिए संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश व घटक संगठनों भारतीय किसान यूनियन (अधिकार) व भारतीय किसान यूनियन (विशाल) के किसानों ने एकदिवसीय उपवास रख बापू डल्ले वाल जी को समर्पित किया है बापू डल्ले वाल जी जैसा आजादी से आज तक ऐसा कोई नेता नहीं हैं जो जनहित में अपने प्राणों को दांव पर लगा सकें अलीगढ़ से संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान शाह, जिला संरक्षक वरिष्ठ किसान नेता अशोक शर्मा , हाथरस के ग्राम पंचायत अगराना में वरिष्ठ किसान नेता वीरेंद्र चतुर्वेदी, बुलंदशहर में भारतीय किसान यूनियन विशाल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश कुमार, भारतीय किसान यूनियन अधिकार के संभल जिला अध्यक्ष, कासगंज जिला अध्यक्ष ओमेंद्र शास्त्री, मेरठ मंडल मंडल महासचिव चौधरी भवेंद्र सिंह के नेतृत्व में एकदिवसीय उपवास पर किसान रहें।

### कुलपति ने चार्ज संभालते ही नए भवन का किया निरीक्षण

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को चार्ज संभाला। उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को एक सप्ताह में भवन हैंडओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यालय स्थानांतरण और जामिया उर्दू संस्थान की क्लासेज को नए भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की बात कही। वित्त अधिकारी सुदर्शन, डिप्टी रजिस्ट्रार कैलाश बिंद, रूप कुमार सिंह, अनिल त कुमार आदि के साथ बैठक की। कैंप कार्यालय की हालत पर चिंता जताई। कुछ शिक्षक भी भेंट करने पहुंचे। शाम को कुलपति लोधा मूसेपुर स्थित नवनिर्मित भवन परिसर का निरीक्षण करने पहुंच गए। यहां कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में भवन को हैंडओवर करने की कार्रवाई शुरू करें।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौ:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा